कक्षा - आठवीं
विषय - हिन्दी-व्याकरण

Red Wings
Page No. ___ Date ___ 20

13/4/2021

प्रश्न —

प्र01 = भारतीय संविधान ने कितनी भाषाओं को मान्यता प्रदान की है?
उ0 = भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की है।

प्र02 = भारत में कितनी बोलियाँ प्रचलित हैं?
उ0 = भारत में 1652 बोलियाँ प्रचलित हैं।

प्र03 = लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं तीन लिपियों के नाम भाषा सहित बताइये।
उ0 = भाषा को लिखित रूप देने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं।

लिपि		भाषा
देवनागरी	-	हिन्दी
रोमन	-	अंग्रेजी
गुरुमुखी	-	पंजाबी

प्र04 = भाषा किसे कहते हैं?
उ0 = भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम बोलकर, लिखकर, सुनकर अथवा पढ़कर अपने भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

प्र05 = भाषा और बोली में अंतर को स्पष्ट कीजिए।
उ0 = भाषा और बोली में निम्नलिखित अंतर हैं —

1. भाषा एक विस्तृत क्षेत्र में बोली जाती है, जबकि बोली का क्षेत्र छोटा होता है।
2. भाषा का रूप मानक होता है, लेकिन बोली का प्रायः नहीं।
3. मानक भाषा का लिखित रूप होता है, लेकिन बोली सामान्यतः मौखिक होती है।
4. भाषा का अपना साहित्य होता है, बोली प्रायः लोक साहित्य में मिलती है।

Scanned with CamScanner

Red Wings

Page No. ___ Date __/__/20__

प्र०6 = व्याकरण सीखने के क्या लाभ हैं?

उ० = किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का बोध कराने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

व्याकरण सीखने के निम्नलिखित लाभ हैं –

1. व्याकरण, भाषा को परिमार्जित करके उसे मानक रूप प्रदान करता है।
2. व्याकरण भाषा को शुद्ध रूप से बोलना और लिखना सिखाता है।
3. व्याकरण के अंगों – प्रत्यंगों का बोध करवाता है।
4. शब्दों के अशुद्ध प्रयोग पर कड़ा अनुशासन रखता है।
5. उसे व्यवस्थित करके नियम बनाता है।
6. उसकी प्रयोग – विधि पर विचार करता है।

Scanned with CamScanner